# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 13.02.2025**

***#CRACKDOWN***

**चोरी/छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से चोरी किया हुआ मोबाइल फोन एवं 29,000/- रुपये नकद, 02 तमंचा 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 01 खोखा व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा घटना मे प्रयुक्त 01 अपाचे मोटर साइकिल की गयी बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के कुशल नेतृत्व में **एसओजी/सर्विलांस एवं** थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 12.02.2025 को वादी अवनीश कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी नगला छीते थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना जसवंतनगर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 25.01.2025 को जब वह अपनी बहन के साथ सिरसागंज से इटावा स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान जब वह मलाजनी ओवरब्रिज के पास स्कूटी रोककर बाथरुम करने लगा तभी 01 अपाचे मोटर साइकिल आयी और स्कूटी पर रखा वादी की बहन का पर्स जिसमे 01 रेडमी मोबाइल व नकदी थी, अज्ञात व्यक्ति चोरी करके भाग गये। तहरीर के आधार पर थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 34/25 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 12/13.02.2025 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस एवं थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलुपुरा के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 01 मोटर साइकिल तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार द्वारा मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया गया जिससे मोटर साइकिल सवार असंतुलित होकर गिर गये। मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो **01 गोली अभियुक्त शनि उर्फ महाकाल पुत्र विमलेश के दाहिनें पैर पर लगी।** पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये आवश्यक बल प्रयोग कर **अभियुक्त शनि उर्फ महाकाल पुत्र विमलेश (घायल अवस्था मे ) तथा अंशुल पुत्र सर्वेश को ग्राम मलुपुरा जाने वाली नहर पटरी के पास से समय 00:30 बजे रात्रि** गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 03 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 29,000/- रुपये नकद बरामद किये गये।

**पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा 02 घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया –**

1. **दिनांक 25.01.2025** को हम दोनो अपाचे मोटरसाइकिल से आये तथा मलाजनी ओवरब्रिज के पास स्कूटी से महिला का पर्स चोरी करके भाग गये। उक्त घटना के संबंध में **थाना जसवंतनगर पर मु0अ0सं0 34/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।**
2. **दिनांक 03.02.2025** को हम दोनो ने राधिका मैरिज होम विचारपुरा के पास ऑटो में बैठी महिला से पर्स छीन लिया था। उक्त घटना के संबंध में **थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 26/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत है।**

अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनो मिलकर सुनसान रास्तों/इलाकों मे घूम फिर कर अपाचे मोटरसाइकिल से चोरी/छिनैती की घटना कारित करते है तथा लोगो को डराने एवं अपराध कारित करने के उद्देश्य से तमंचा व कारतूस पास रखते है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. शनि उर्फ महाकाल पुत्र विमलेश निवासी झीगूपुरा थाना सैफई जनपद इटावा **उम्र 24 वर्ष।**
2. अंशुल पुत्र सर्वेश निवासी नगला नवल थाना जसवंतनगर जनपद इटावा **उम्र 23 वर्ष।**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 34/25 धारा 303(2)317(2)/109/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त अंशुल पुत्र सर्वेश**

1. मु0अ0सं0 111/2022 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)ध/3(1)द/3(2) Va एससी/एसटी एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 582/2023 धारा 392/411 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 26/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।
4. मु0अ0स0 34/2025 धारा 303(2)/317(2)/109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

**अभियुक्त शनि उर्फ महाकाल पुत्र विमलेश**

1. मु0अ0सं0 111/2022 धारा 323/504/506 भादवि0 व 3(1)ध/3(1)द/3(2) Va एससी/एसटी थाना सैफई जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 700/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिरसरागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 582/2023 धारा 392/411 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 26/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।
5. मु0अ0स0 34/2025 धारा 303(2)/317(2)/109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. 02 अवैध तमंचे 315 बोर।
2. 01 खोखा 315 बोर।
3. 01 मिस कारतूस।
4. 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
5. 29,000/- रुपये नकद।
6. 01 मोबाइल फोन रेडमी **( मु0अ0सं0 34/25 थाना जसवंतनगर से संबंधित )**
7. 01 मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे **(एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज)**

**पुलिस टीम- प्रथम टीमः-** क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर श्री नागेन्द्र चौबे, निरीक्षक श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम।

**द्वितीय टीमः-** निरी0 श्री रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवंतनगर, निरी0 अपराध श्री नरेन्द्र मिश्रा, उ0नि0 ललित किशोर चतुर्वेदी, उ0नि0 श्री राजकुमार, का0 शीशपाल, का0 अंकुश, का0 मोहित।